भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं0 213

20 जुलाई, 2023 को उत्तर के लिए

योजनाओं के नाम बदलना

213. श्री नकुल के. नाथ:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि:

(क) सरकार द्वारा वर्ष 2014 के बाद किन-किन योजनाओं का नाम बदला गया है; और
(ख) वर्ष 2014 के बाद उक्त योजनाओं के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री कौशल किशोर)

(क) और (ख): मंत्रालय ने 790 शहरों में स्थायी आधार पर शहरी गरीब परिवारों की गरीबी और असुरक्षा को कम करने के लिए वर्ष 2014-15 में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) आरंभ किया था। फरवरी 2016 से, इस योजना का नाम बदलकर दीन दयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) कर दिया गया है और सभी सांविधिक शहरों तक इसकी कवरेज बढ़ा दी गई है। डीएवाई-एनयूएलएम के तहत, वर्ष 2014-15 से 30 जून, 2023 तक 5292.30 करोड़ रू. की राशि आवंटित की गई है।

****